# कैबिनेट ने सीआरडब्ल्यूसी के सीडब्ल्यूसी में विलय को मंजूरी दी

**नई दिल्ली** ■ एजेंसियां/डेस्क
केंद्र ने कारोबार सुगमता को बढ़ावा देने और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में निजी क्षेत्र की दक्षता का उपयोग करने की दिशा में एक और कदम उठाया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को 'सेंट्रल रेलसाइड वेयरहाउस कंपनी लिमिटेड' (सीआरडब्ल्यूसी) के 'सेंट्रल वेयरहाउसिंग कॉर्पोरेशन' (सीडब्ल्यूसी) में विलय को मंजूरी दे दी है।



मंत्रिमंडल ने 'सेंट्रल रेलसाइड वेयरहाउस कंपनी लिमिटेड' (सीआरडब्ल्यूसी) की सभी संपत्तियों, देनदारियों, अधिकारों और दायित्वों को अपने होल्डिंग उद्यम 'सेंट्रल वेयरहाउसिंग कॉर्पोरेशन' (सीडब्ल्यूसी) के साथ स्थानांतरित करने और विलय को मंजूरी दे दी है।

इस विलय से एक ही प्रशासन के माध्यम से न सिर्फ दोनों कंपनियों के वेयरहाउसिंग, हैंडलिंग और परिवहन जैसे समान कार्य एकीकृत होंगे, बल्कि इनकी दक्षता, इष्टतम क्षमता उपयोग, पारदर्शिता, जवाबदेही को बढ़ावा देने के साथ-साथ वित्तीय बचत को भी सुनिश्चित करने और नई वेयरहाउसिंग क्षमताओं के लिए रेलवे साइडिंग का लाभ उठाया जा सकेगा।

विज्ञप्ति के मुताबिक अनुमान है कि आरडब्ल्यूसी के प्रबंधन व्यय में कॉर्पोरेट कार्यालय के किराये, कर्मचारियों के वेतन और अन्य प्रशासनिक लागतों में बचत के कारण 5 करोड़ रुपये की कमी आएगी। आरडब्ल्यूसी के क्षमता उपयोग में भी सुधार होगा, क्योंकि सीडब्ल्यूसी के लिए सीमेंट, उर्वरक, चीनी, नमक और सोडा जैसी वर्तमान वस्तुओं के अलावा अन्य वस्तुओं के भंडारण की क्षमता में भी वृद्धि होगी। इस विलय से माल-गोदाम स्थलों के पास कम से कम 50 और रेल साइड गोदाम स्थापित करने की सुविधा मिलेगी। इससे कुशल कामगारों के लिए 36,500 और अकुशल कामगारों के लिए 9,12,500 श्रम दिवसों के बराबर रोजगार के अवसर पैदा होने की संभावना है।

इस विलय की पूरी प्रक्रिया निर्णय की तिथि से आठ महीने के भीतर पूरा होने की उम्मीद है।

सीडब्ल्यूसी, सीआरडब्ल्यूसी का एक मात्र शेयर धारक है, इसलिए सभी परिसंपत्तियों और देनदारियों, अधिकारों और दायित्वों को सीडब्ल्यूसी को हस्तांतरित करने से दोनों में किसी को भी कोई वित्तीय नुकसान नहीं होगा। इस निर्णय से दोनों के बीच एक बेहतर तालमेल स्थापित होगा। आरडब्ल्यूसी के संचालन और विपणन को संभालने के लिए सीडब्ल्यूसी द्वारा 'आरडब्ल्यूसी प्रभाग' नाम से एक अलग प्रभाग का गठन किया जाएगा।

# भारत में 21 जून को हुए रिकॉर्ड वैक्सीनेशन पर कांग्रेस ने उठाए सवाल

**नई दिल्ली** ■ एजेंसियां/डेस्क
सकोरोना महामारी के खिलाफ सबसे कारगर कदम के तौर पर देशभर में चल रहे टीकाकरण अभियान पर कांग्रेस पार्टी ने सवाल खड़े किए हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी. चिदंबरम ने केंद्र सरकार द्वारा बीते दिन 21 जून को हुए रिकॉर्ड टीकाकरण पर तंज कसते हुए आरोप लगाया है कि सिर्फ रिकॉर्ड बनाने के लिए जमाखोरी की गई।



▶ कांग्रेस नेता पी. चिदंबरम ने ट्वीट कर कहा है कि रविवार को टीकों को जमा किया गया और फिर सोमवार को टीकाकरण का विश्व कीर्तिमान बनाया गया। हालांकि इसके बाद फिर वही पुरानी स्थिति रही। उन्होंने केंद्र सरकार पर तंज कसा कि इस कीर्तिमान के लिए गढ़े गए चक्रव्यूह के लिए मोदी सरकार को औषधि के क्षेत्र में नोबेल पुरस्कार मिल सकता है

कांग्रेस नेता पी. चिदंबरम ने ट्वीट कर कहा है कि रविवार को टीकों को जमा किया गया और फिर सोमवार को टीकाकरण का विश्व कीर्तिमान बनाया गया। हालांकि इसके बाद फिर वही पुरानी स्थिति रही। उन्होंने केंद्र सरकार पर तंज कसा कि इस कीर्तिमान के लिए गढ़े गए चक्रव्यूह के लिए मोदी सरकार को औषधि के क्षेत्र में नोबेल पुरस्कार मिल सकता है। उन्होंने कहा कि 'मोदी है तो मुमकिन है को अब मोदी है तो मिरैकल है पढ़ा जाना चाहिए।' चिदंबरम ने ट्वीट में लिखा, ₹रविवार को जमाखोरी, सोमवार को टीका लगाएं और मंगलवार को लंगड़ाकर वापस लौट जाएं। 'एक दिन' के टीकाकरण के विश्व ₹रिकॉर्ड₹ के पीछे यही रहस्य है। मुझे यकीन है कि इस ₹करतब₹ को गिनीज बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में जगह मिलेगी!₹ उन्होंने एक अन्य ट्वीट में लिखा, कौन जाने, हो सकता है मेडिसिन का नोबेल पुरस्कार मोदी सरकार को दिया जाए। 'मोदी है, मुमकिन है' को अब पढ़ना चाहिए 'मोदी है, चमत्कार है'।

उल्लेखनीय है कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने मंगलवार को कहा था कि भारत ने 21 जून को एक दिन में कोरोना के 88.09 लाख टीके लगाकर ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। खास बात यह है कि इनमें करीब 64 प्रतिशत खुराक ग्रामीण इलाकों में दी गई।

# नशीले पदार्थ की तस्करी में इकबाल कासकर प्रोडक्शन रिमांड पर

**मुंबई** ■ एजेंसियां/डेस्क
नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने कुख्यात गिरोह सरगना दाऊद इब्राहिम कासकर के भाई इकबाल कासकर को नशीले पदार्थ की तस्करी मामले में तकनीकी तौर पर गिरफ्तार किया है। इकबाल कासकर को गुरुवार को ठाणे जेल से मुंबई लाकर एनसीबी गहन पूछताछ करने वाली है।



सूत्रों के अनुसार भिवंडी इलाके में एनसीबी ने छापा मारकर दो आरोपितों को गिरफ्तार किया था। उस समय एनसीबी को छानबीन में पता चला था कि जम्मू कश्मीर से पंजाब मोटर साइकिल के जरिये नशीला पदार्थ लाया जाता है। इसके बाद मोटर साइकिल से ही नशीले पदार्थों की खेप मुंबई स्थित भिवंडी इलाके तक पहुंचती है और यहां से यह मुंबई, ठाणे, पालघर आदि जिलों तक लोकल पेडलर के माध्यम से पहुंचाई जाती है। इसे जेल में से दाऊद इब्राहिम का भाई इकबाल कासकर ऑपरेट करता है। एनसीबी ने इस संबंध में सभी साक्ष्य इकट्ठा करने के बाद इकबाल कासकर को तकनीकी तौर पर गिरफ्तार किया और उसका प्रोडक्शन रिमांड लिया है।

उल्लेखनीय है कि मुंबई में 1993 में हुए बम विस्फोट के बाद दाऊद इब्राहिम अपने परिवार सहित भारत से फरार हो गया था लेकिन केंद्रीय जांच एजेंसियां इकबाल कासकर को प्रत्यर्पित कर भारत लायी थीं। ठाणे जिले के एक बिल्डर से रंगदारी मांगने के जुर्म में पुलिस ने 2017 में इकबाल कासकर को गिरफ्तार किया था, तब से ही इकबाल कासकर ठाणे जेल में है। नशीले पदार्थ की तस्करी में उसका नाम आने के बाद बुधवार को एनसीबी ने उसे तकनीकी रूप से गिरफ्तार कर प्रोडक्शन वारंट ले लिया है। गुरुवार को बड़ी संख्या में पुलिस की सुरक्षा में इकबाल कासकर को ठाणे जेल से मुंबई स्थित एनसीबी दफ्तर में लाया जाएगा, जहां एनसीबी उससे पूछताछ करने वाली है।

# पंजाब कांग्रेस विवाद: राहुल से मिले जाखड़ और मनप्रीत

## पार्टी में बड़े फेरबदल के संकेत

**नई दिल्ली** ■ एजेंसियां/डेस्क
पंजाब कांग्रेस के अंदरुनी क्लेश की सुनवाई इन दिनों दिल्ली दरबार में चल रही है, जिसे खत्म करने को लेकर खुद राहुल गांधी पंजाब के सभी मंत्रियों और विधायकों से मुलाकातें कर रहे हैं। सोमवार से जारी इन मुलाकातों की कड़ी में बुधवार को पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष सुनील जाखड़ और वित्त मंत्री मनप्रीत बादल ने राहुल गांधी से मुलाकात करके अपना-अपना पक्ष रखा।



दोनों नेताओं ने रखी अपनी राय
बुधवार को राहुल के दरबार में पहुंचे पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष सुनील जाखड़ और वित्त मंत्री मनप्रीत सिंह बादल ने उनके सामने खुलकर अपनी राय रखी। राहुल से मुलाकात के दौरान दोनों कांग्रेस नेताओं ने कहा कि वे कैप्टन अमरिंदर सिंह से किसी भी मुद्दे पर अब चर्चा नहीं करना चाहते। साथ ही उन्होंने सिद्धू को पार्टी की बागडोर न सौंपने का भी सुझाव दिया। सूत्रों के मुताबिक राहुल गांधी ने अगले चुनाव में कैप्टन को सीएम फेस ना बनाने को लेकर भी दोनों नेताओं की राय मांगी। मुलाकात के बाद जाखड़ ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि मौजूदा स्थिति का जल्द ही समाधान निकलेगा। इससे पहले राहुल गांधी ने सोमवार और मंगलवार को भी कई मंत्रियों और विधायकों से मुलाकात की थी। सभी ने विधानसभा चुनाव को मद्देनजर रखते हुए पंजाब के मुद्दों को जल्द से जल्द सुलझाने की अपील की है।

# गरीबों को 604 लाख टन अनाज मुफ्त मिलेगा

**नई दिल्ली।** कोरोना संकट के कारण गरीबों को खाद्यान्न की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से केन्द्र सरकार दो लाख 28 हजार करोड़ रुपये मूल्य का 604 लाख टन अनाज लोगों को मुफ्त उपलब्ध करायेगी।

खाद्य एवं आपूर्ति मंत्रालय के सूत्रों ने आज यहां बताया कि पिछले साल कोरोना संकट के कारण प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत आठ माह और इस बार सात तक प्रति व्यक्ति पांच किलो अनाज सात माह तक उपलब्ध कराया जायेगा। वर्ल्ड फूड प्रोग्राम ने भी देश के इस कार्यक्रम की सराहना की है। इस बार इस योजना को नवम्बर तक बढाया गया है।

# एलोपैथी टिप्पणी मामले में रामदेव पहुंचे सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** एलोपैथी को लेकर की गयी अपनी हालिया विवादित टिप्पणी के कारण देश के विभिन्न राज्यों में दर्ज प्राथमिकी को दिल्ली स्थानांतरित किये जाने को लेकर स्वामी रामदेव ने उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है।

योग गुरू स्वामी रामदेव ने शीर्ष अदालत में याचिका दायर करके अलग-अलग राज्यों में दर्ज हुई प्राथमिकी के मद्देनजर किसी भी प्रकार की दंडात्मक कार्रवाई पर रोक लगाने की मांग की है। बाबा रामदेव ने देश के अलग-अलग हिस्सों में दर्ज प्राथमिकी को एक साथ करने की मांग की है।

इतना ही नहीं, उन्होंने इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) की पटना और रायपुर इकाई द्वारा दर्ज मुकदमों में कोई भी दंडात्मक कार्रवाई न करने की मांग की है।

# कोरोना महामारी की लड़ाई में विपक्षी दल बने हैं बाधक: नड्डा

**नई दिल्ली** ■ एजेंसियां/डेस्क
भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कोरोना टीकाकरण को लेकर कांग्रेस पर जनता को गुमराह करने का आरोप लगाते हुए कहा कि कोरोना की लड़ाई में विपक्षी दल बाधक बने हुए हैं। भाजपा अध्यक्ष नड्डा बुधवार को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर पार्टी केंद्रीय कार्यालय से बीकानेर के लिए कोरोना राहत सामग्री को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने के बाद कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। कोरोना महामारी के खिलाफ लड़ाई में सरकार को साधक बताते हुए उन्होंने कहा कि दुख के साथ कहना पड़ता है विपक्षी दल बाधक की भूमिका में हैं।



कांग्रेस नेता राहुल गांधी का नाम लिए बिना उन्होंने कहा कि पहले लॉकडाउन को लेकर राजनीति की, फिर टीके को लेकर सवाल उठाए। टीका नहीं लगवाने संबंधी बयानों का उल्लेख करते हुए कहा कि कांग्रेस ने टीके से मानवता को खतरा बताकर लोगों को भ्रमित करने का काम किया। वहीं कांग्रेस के नेता खुद चुपके-चुपके जाकर टीका लगवा रहे हैं। उन्होंने कांग्रेस शासित राजस्थान में टीके की बर्बादी का भी जिक्र किया।

# बीएसएफ ने तस्कर को किया ढेर, 27 किलो हेरोइन बरामद



**नई दिल्ली।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने जम्मू और कश्मीर के कठुआ में एक तस्कर को ढेर कर उसके पास से 27 किलो हेरोइन बरामद की है। हालांकि मारे गए तस्कर की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है। दिल्ली स्थित बीएसएफ मुख्यालय के प्रवक्ता कृष्णा राव ने बुधवार को बताया कि पकड़ी गई हेरोइन की कीमत करीब 135 करोड़ रुपये है। फिलहाल इलाके में तलाशी अभियान जारी है। इससे पहले 19 जून को भी सुरक्षा बलों ने नार्को टेरर माड्यूल का भंडाफोड़ किया था। प्रवक्ता कृष्णा राव के अनुसार, आज तड़के बीएसएफ के जवानों ने देखा पाकिस्तान से कुछ तस्कर भारत बॉर्डर पार कर रहे हैं। जवानों ने उन्हें रुकने को कहा लेकिन जब वह लोग नहीं रुके तो जवानों ने गोली चला दी। घटना में एक तस्कर की गोली लगने से मौत हो गई जबकि अन्य तस्कर भागने में कामयाब हो गये। बीएसएफ ने बॉर्डर के पास सर्च ऑपरेशन चलाया तो उन्हें 27 पैकेट हेरोइन की मिली।

# बिहार: कुएं में गिरे सूअर को बचाने के चक्कर में 3 लोगों की मौत

**गया।** बिहार के गया जिले के बोधगया थाना क्षेत्र में बुधवार को कुएं में गिरे एक सूअर (पिग) को बचाने के क्रम में तीन युवकों की दम घुटने से मौत हो गई। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि जानी बिगहा गांव में बुधवार की सुबह एक पालतू सूअर एक पुराने कुएं में जा गिरा। वहीं पर खेल रहे बच्चों ने इसकी जानकारी गांव के लोगों को दी।

सूअर के गिरने की खबर मिलने के बाद रविन्द्र मांझी ने सूअर को बचाने के लिए कुएं में छलांग लगा दी। कुछ देर तक जब मांझी कुएं से बाहर नहीं निकला, तो दो अन्य लोग भी कुएं में उतर गए और तीनों की मौत हो गई।

बोधगया के थाना प्रभारी नीतेश कुमार ने बताया कि मृतकों की पहचान रविन्द्र मांझी, जितेन्द्र मांझी और वीरेन्द्र मांझी के रूप में की गई है। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोगों की मदद से तीनों शवों को कुएं से बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया गया है तथा पूरे मामले की छानबीन की जा रही है।

# झारखंड में एक जुलाई तक बढ़ा लॉकडाउन

## कोई नई छूट नहीं, गाइडलाइन जारी

**रांची** ■ एजेंसियां/डेस्क
झारखंड सरकार ने बुधवार को राज्य में लॉकडाउन जैसी पाबंदियों को एक जुलाई तक जारी रखने का आदेश दिया है। लॉकडाउन 24 जून सुबह छह बजे समाप्त हो रहा था। आपदा प्रबंधन विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी किया और कोई लोगों को कोई अतिरिक्त छूट नहीं दी है। 16 जून को लागू हुए लॉकडाउन के दिशा-निर्देश एक जुलाई तक लागू रहेंगे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में हुई आपदा प्रबंधन की बैठक में यह फैसला किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना का खतरा अभी टला नहीं है। सब कुछ अब आपके हाथ में है। पूर्व की सभी पाबंदियां जारी रहेंगी। कोरोना की संभावित तीसरी लहर से बचने को लेकर सरकार गंभीर है। सरकार हर पहलूओं पर नजर बनाए हुए है।



सभी सरकारी एवं निजी कार्यालय 1/3 मानव संसाधन के साथ चार बजे अपराह्न तक खुल सकेंगे।शनिवार की शाम चार बजे से सोमवार के सुबह छह बजे तक सभी दुकानें (सब्जी, फल, किराना की दुकान सहित) बंद रहेंगी। स्वास्थ्य सेवा से संबंधित प्रतिष्ठान खुले रहेंगे।-रेस्तरां से भोजन की होम डिलेवरी के साथ टेक अवे की भी अनुमति प्रदान की गई। शॉपिंग माल, सिनेमा हॉल, क्लब, बार, बैंक्वेट हॉल, मल्टीप्लेक्स और डिपार्टमेंटल स्टोर बंद रहेंगे। स्टेडियम, जिमनेशियम, स्विमिंग पूल और पार्क बंद रहेंगे।समस्त शैक्षणिक संस्थान बंद रहेंगे।

# सुरक्षा परिषद में विकासशील देशों की भागीदारी बढ़े: भारत

**नई दिल्ली** ■ एजेंसियां/डेस्क
भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में विकासशील देशों को अधिक से अधिक प्रतिनिधित्व देकर उसे वर्तमान की भूराजनीतिक वास्तविकताओं के अनुरूप बनाने का आज आह्वान किया तथा एक ऐसी बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था लाने की वकालत की जो अंतरराष्ट्रीय कानूनों को माने तथा देशों की संप्रभुता एवं प्रादेशिक अखंडता का सम्मान करे।



विदेश सचिव हर्षवर्द्धन श्रृंगला ने यहां अंतरराष्ट्रीय मामलों में एशिया की बढ़ती भूमिका और एशिया में संवाद एवं विश्वास बहाली के उपायों पर सम्मेलन (सीका) की स्वीकार्यता विषय पर आयोजित परिचर्चा में बहुपक्षवाद में सुधार का आह्वान करते हुए कहा कि यह भूराजनीतिक वास्तविकताओं के अनुरूप होना चाहिए। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में विकासशील देशों का प्रतिनिधित्व बढ़ना चाहिए ताकि इस संस्था पर विश्व को नेतृत्व देने के प्रति विश्वास एवं भरोसा बढ़े। उन्होंने कहा कि भारत एक ऐसी बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था में विश्वास करता है जो अंतरराष्ट्रीय कानूनों से बंधी हो, सभी देशों की संप्रभुता एवं प्रादेशिक अखंडता का सम्मान करती हो, अंतरराष्ट्रीय विवादों का शांतिपूर्ण बातचीत से समाधान के पक्ष में हो तथा वैश्विक साम्यताओं को सभी के लिए मुक्त एवं स्वतंत्र रखती हो।

उन्होंने कहा कि एशिया में हम आतंकवाद, कट्टरवाद, नशीले पदार्थों की तस्करी और संगठित अपराधों की चुनौतियों का सामना कर रहे हैं इसके लिए हमें एकीकृत कार्रवाई करने की जरूरत है। हिन्द प्रशांत क्षेत्र के मुक्त, स्वतंत्र एवं समावेशी तथा अंतरराष्ट्रीय कानूनों से बद्ध होने का भारत का विज़न प्रगति एवं समृद्धि का हमारा समान लक्ष्य है। इस दिशा में भारत ने सीका सहित एशिया के सभी क्षेत्रीय संगठनों के साथ पांरपरिक रूप से निकट एवं मैत्री सहयोग बनाये रखा है।


**Morning Glory Leasing & Finance Limited**
CIN: L67120DL1984PLC018872
Tel. No.: +91 11 47119100
Regd. Off: Iris House, 16, Business Centre, Nangal Raya, New Delhi- 110046
Email : morninggloryleasing@gmail.com
Website : www.morninggloryleasing.in

**NOTICE**

NOTICE is hereby given that, pursuant to Regulation 47(1) of Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, that the meeting of the Board of the Directors of the Company will be held on Wednesday, 30th June, 2021 at Registered office of the Company, to inter-alia, consider and approve the Audited Financial Results for the Quarter/Financial year ended 31.03.2021.
Further, details of this notice are available on Website of the company at www.morninggloryleasing.in and also on the Website of MSEI Ltd. (www.msei.in).

For Morning Glory Leasing & Finance Ltd.
Date : 23.06.2021 Sd/-
Place : New Delhi Payal Madaan
Company Secretary cum Compliance Officer



**महत्वपूर्ण सूचना**

**रेलयात्रियों को सूचित किया जाता है कि रेलवे द्वारा निम्न विशेष रेलगाड़ियों के निम्नलिखित स्टेशनों की समय-सारणी में परिवर्तन करने का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नानुसार है:-**

| रेलगाड़ी सं. एवं रेलगाड़ी का नाम | स्टेशन | वर्तमान समय | | परिवर्तित समय | | तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | आगमन | प्रस्थान | आगमन | प्रस्थान | |
| 08237 कोरबा – अमृतसर जंक्शन विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी | कोसीकलां | 17:16 | 17:18 | 17:23 | 17:25 | तत्काल प्रभावी |
| 02883 दुर्ग – हज़रत निज़ामुद्दीन सुपरफास्ट विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी | झांसी | 02:10 | 02:20 | 02:15 | 02:25 | |

नोट : उपरोक्त विशेष रेलगाड़ियों के अन्य स्टेशनों की समय–सारणी में कोई बदलाव नहीं है।

नोटः रेलगाड़ियों और रेलवे स्टेशनों पर सामाजिक दूरी व सैनिटाइजेशन आदि सहित कोविड–19 से संबंधित राज्य एवं केन्द्र सरकार के सभी नियमों और सभी सावधानियों का पालन करना अनिवार्य है।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि इन रेल सेवाओं के मार्ग में पड़ने वाले स्टेशनों एवं आगमन/प्रस्थान समय की विस्तृत जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन सं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 • रेलमदद वेबसाइट : www.railmadad.indianrailways.gov.in देखें एवं रेलमदद ऐप डाउनलोड करें।

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा - हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ